संस्कृत • हिन्दी • English

शिक्षा-वेदाङ्ग-श्रृंखला

SHIKSHA VEDANGA SERIES

वर्ण-विज्ञान-सूत्रम्

VARNA VIGYAN SUTRAM

वर्ण • ध्वनि • लिपि • अर्थ • व्यवहार

Varna • Dhvani • Lipi • Artha • Vyavahara

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ अं अः

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न प फ ब भ म य र ल व श स ह

लेखक :

निरञ्जन प्रधान

NIRANJAN PRADHAN

Vedic Scholar • Brahmapur (Odisha)

प्रथम संस्करण | First Edition | 2082 VS

सूची-पत्र

भूमिका ..... १ - ६

Preface 7–10

आरम्भिक सूत्र ११-१५ (11-15)

प्रथम अध्यायः – ध्वनि-प्रकरणम् (Phonetics Section)

पाद १ – स्थान-प्रकरणम् (Place of Articulation) ..... १६-१९(16-19)

पाद २ – करणप्रकरणम् (Articulatory Instruments (Karaṇa)) ..... २०–२१(20-21)

पाद ३ – आभ्यन्तरप्रयत्नप्रकरणम् (Internal Effort) ..... २२- २३(22–23)

पाद ४ – बाह्यप्रयत्नप्रकरणम् (External Effort)..... २४- २३(24-26)

पाद ५ – स्थानपीडनप्रकरणम् (Pressure of Articulation) २७ (27)

पाद ६ –वृत्तिकार-प्रकरणम् (Commentary) .....२८- ३३(28-33)

पाद ७ – क्रमप्रकरणम् (Sequence).....३४-५६(34-56)

पाद ८ – नाभितलप्रकरणम् (Nābhi Region) ..... ५७- ६४(57-64)

द्वितीय अध्यायः – लिपि-शाखा

पाद १ – वर्णलिपि-प्रकरणम् (Letter-Script) .....६५-७०(65-70)

पाद २ – अङ्कलिपि-प्रकरणम् (Numeral)-Script ..... ७१- ७३(71-73)

ॐ

वर्णविज्ञानम्

ध्वनि-लिपि-आधारित

शिक्षा-वेदाङ्ग-ग्रन्थः

– निरञ्जन प्रधान

(शिक्षा-वेदाङ्ग-अध्येता)

ब्रह्मपुर (ओडिशा)

ॐ

मंगलाचरणम्

नटराजस्य डमरुर्ध्वनिरुदीरितः सदा, अग्निरूपा लिपिः प्रोक्ता वर्णार्थोऽभयमुद्रया।

गजहस्तः सदा ज्ञेयोऽध्ययनस्य प्रवर्तकः, उत्थितः पादो वेदः स्यात्

तान्त्रिकोऽपस्मारस्थितः। प्रभामण्डलमेवोक्तं लिपिविकासलक्षणम्॥

(नटराजः वर्णविज्ञानप्रतीकः।)

शिक्षा वेदाङ्ग ग्रन्थ की भूमिका

वेद भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम एवं दिव्य ज्ञान-सम्पदा हैं। वे केवल धार्मिक ग्रन्थ ही नहीं, अपितु जीवन के समग्र विज्ञान के मूल स्रोत हैं। वेदों का संरक्षण *श्रुति-परम्परा* द्वारा हुआ है, अर्थात् गुरु से शिष्य तक सुनकर और बोलकर ही यह ज्ञान प्रवाहित हुआ। अतः वेदों में **शुद्ध उच्चारण (शुद्धोच्चारण)** का अत्यन्त महत्त्व है। यदि उच्चारण में अल्पमात्र भी दोष हो जाए, तो मन्त्र का अर्थ परिवर्तित हो सकता है और उसका प्रभाव भी नष्ट हो सकता है।

इसी शुद्धता की रक्षा के लिए प्राचीन ऋषियों ने वेदों के सहायक अंगों–वेदाङ्गों–की रचना की, जिनमें *शिक्षा वेदाङ्ग* का स्थान अत्यन्त प्रमुख है। शिक्षा वेदाङ्ग मुख्यतः वर्णों के शुद्ध उच्चारण का विज्ञान है, जिसमें वर्णों की उत्पत्ति, स्थान, प्रयत्न, स्वर, मात्रा, बल, साम एवं सन्तान का सूक्ष्म विवेचन किया गया है।

इस ग्रन्थ का उद्देश्य शिक्षा-वेदाङ्ग के विभिन्न ग्रन्थों में बिखरे हुए तत्त्वों को एकत्रित कर, उन्हें सरल, व्यवस्थित एवं सुलभ रूप में प्रस्तुत करना है, जिससे विद्यार्थी को समग्र ज्ञान एक ही स्थान पर प्राप्त हो सके।

यहाँ यह समझना आवश्यक है कि **वर्ण केवल ध्वनि मात्र नहीं, अपितु त्रिविध स्वरूपयुक्त है**– अपितु उसका स्वरूप त्रिविध है–

- ध्वनि (श्रवणीय)
- लिपि (दृश्य रूप)
- अर्थ (बोधक शक्ति)

अतः वर्ण एक समग्र तत्त्व है, जो श्रवण, दर्शन और बोधन–तीनों का आधार है।

वर्ण-त्रिरूप विषयक स्पष्टीकरण

यहाँ एक प्रश्न स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है कि जब प्राचीन आचार्यों ने शिक्षा-वेदाङ्ग में वर्ण को मुख्यतः ध्वनि-रूप में ही स्वीकार किया है, तब इस ग्रन्थ में वर्ण को ध्वनि, लिपि एवं अर्थ–इन तीनों रूपों में क्यों माना गया है? क्या यह पूर्वाचार्यों के मत से भिन्न है?

इसका उत्तर यह है कि यहाँ किसी प्रकार से पूर्वाचार्यों के मत का खण्डन नहीं किया गया है, अपितु उनके सिद्धान्त का **विस्तार एवं समन्वय** किया गया है।

वस्तुतः शिक्षा-वेदाङ्ग का मुख्य विषय ध्वनि ही है, क्योंकि वेदों की रक्षा *श्रुति-परम्परा* द्वारा होती है। अतः प्राचीन आचार्यों ने ध्वनि को ही प्रधानता दी–यह पूर्णतः युक्तिसंगत है।

किन्तु व्यवहार में वर्ण का अस्तित्व केवल श्रवण तक सीमित नहीं रहता–वह लिपि के रूप में दृश्य होता है और अर्थ के रूप में बोध का कारण बनता है। अतः–

- ध्वनि मूल है
- लिपि उसका दृश्य रूप है
- अर्थ उसका बोध-फल है

इस प्रकार अर्थ को ध्वनि और लिपि से पृथक् न मानकर उसी का परिणाम माना गया है। अतः यह प्रस्तुति परम्परा का विरोध नहीं, बल्कि उसका **शिक्षणोपयोगी विस्तार** है।

यह ज्ञान अनादि शिव-परम्परा से प्रवाहित होकर अपिशल्यादि ऋषियों के माध्यम से पाणिनि तथा पतञ्जलि तक पहुँचा। आगे चलकर दयानन्द सरस्वती ने इसे पुनर्जीवित किया तथा युधिष्ठिर मीमांसक ने इसे व्यवस्थित रूप प्रदान किया।

मुझे इस विषय का अध्ययन जिन आचार्यों के सान्निध्य में प्राप्त हुआ, उनमें विशेषतः–

- स्वर्गीय विजयपाल विद्यावारिधि, रेवली
- प्रदीप शास्त्री, पाणिनि विद्यालय, रेवली
- उदयनाचार्य, निगम निडम् गुरुकुल, गज्वेल

आदि आचार्यों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसके लिए मैं कृतज्ञ हूँ।

इस ग्रन्थ की रचना में अनेक प्रातिशाख्य एवं शिक्षा-ग्रन्थों का सहारा लिया गया है, जैसे–

- तैत्तिरीय प्रातिशाख्य तथा अन्य प्रातिशाख्य-ग्रन्थ
- पाणिनीय शिक्षा एवं श्लोकात्मिका शिक्षा
- शिक्षा-सूत्राणि (युधिष्ठिर मीमांसक कृत)

- शिक्षा-ग्रन्थ-संग्रह

इन समस्त ग्रन्थों में शिक्षा-विषय का ज्ञान विभिन्न स्थानों पर बिखरा हुआ प्राप्त होता है। जिस प्रकार योगशास्त्र में समता-विद्या अनेक ग्रन्थों में विखण्डित रूप में उपलब्ध है, उसी प्रकार शिक्षा-वेदाङ्ग का विषय भी विविध ग्रन्थों में बिखरा हुआ है। अतः उन सभी तत्त्वों का संग्रह एवं समन्वय करना इस ग्रन्थ का मुख्य उद्देश्य है।

ग्रन्थ की परम्परा एवं सन्दर्भ

यह ग्रन्थ पाणिनीय परम्परा के आधार पर निर्मित है। ध्वनि-प्रकरण का आधार पाणिनि, प्रातिशाख्य-परम्परा तथा युधिष्ठिर मीमांसक आदि विद्वानों के ग्रन्थ हैं। इसमें नवीनता का आधार समन्वयात्मक दृष्टि है, जबकि संरचना परम्परा-समर्थित है।

इस रचना में तैत्तिरीय प्रातिशाख्य सहित विभिन्न प्रातिशाख्य-ग्रन्थ, पाणिनीय शिक्षा, श्लोकात्मिका शिक्षा, शिक्षा-सूत्राणि तथा अन्य शिक्षा-ग्रन्थों का आधार लिया गया है। इन सभी ग्रन्थों में वर्ण-विषयक ज्ञान विभिन्न स्थानों पर बिखरा हुआ प्राप्त होता है। अतः उनका समन्वय एवं एकीकृत प्रस्तुति इस ग्रन्थ का उद्देश्य है।

नटराज – वर्णविज्ञान का प्रतीक

नटराज की मूर्ति इस सम्पूर्ण वर्णविज्ञान की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है। डमरु ध्वनि का प्रतीक है, अग्नि लिपि का, अभयमुद्रा वर्णार्थ का, गजहस्त अध्ययन का, उत्थित पाद वैदिक पाठ का तथा अपस्मार पाद तान्त्रिक पाठ का संकेत करता है। प्रभामण्डल लिपि-विकास का प्रतीक माना गया है। यह व्याख्या प्रतीकात्मक एवं दार्शनिक दृष्टि से प्रस्तुत की गई है, न कि शास्त्रीय नियम के रूप में।

मूलग्रन्थ एवं उपग्रन्थ – विभाजन का आधार

यह ग्रन्थ दो भागों में विभक्त है – मूलग्रन्थ और उपग्रन्थ। ध्वनि एवं लिपि को मूलशास्त्र के रूप में रखा गया है, जबकि वर्णार्थ, अध्ययनादि, वैदिक पाठ, लिपि-विकास तथा तान्त्रिक पाठ को उपग्रन्थों में विभाजित किया गया है।

अध्ययनादि में पाठ-विधि, अभ्यास-प्रक्रिया एवं शिक्षण-संबंधी विषय सम्मिलित हैं।

यह विभाजन तीन कारणों से किया गया है –

* प्रथम, विषय-विस्तार की अधिकता;
* द्वितीय, पाणिनीय परम्परा के अनुरूप सुव्यवस्थित अध्ययन की सुविधा;

- तृतीय, सामान्य एवं विशिष्ट पाठकों के लिए पृथक् संरचना की आवश्यकता।

लिपि को मूलशास्त्र में स्थान

यद्यपि प्राचीन परम्परा में श्रुति को प्रधानता प्राप्त थी, तथापि यास्क के निरुक्त एवं पाणिनीय परम्परा में लिखित संकेतों के प्रमाण मिलते हैं। प्रतीत होता है कि उस काल में श्रुति-परम्परा को प्राथमिकता दी गई थी। वर्तमान काल में ज्ञान-संरक्षण के लिए लिपि अनिवार्य हो चुकी है। अतः लिपि को मूलशास्त्र में सम्मिलित करना परम्परा का विरोध नहीं, बल्कि उसका स्वाभाविक विस्तार है।

६ संस्करणों की योजना

यह ग्रन्थ छह संस्करणों में प्रकाशित किया जाएगा–

- **प्रथम संस्करण** – वर्णशिक्षा(मूलग्रन्थ)
- **द्वितीय संस्करण** – अध्ययनादि
- **तृतीय संस्करण** – वर्णार्थ
- **चतुर्थ संस्करण** – वैदिक पाठ
- **पञ्चम संस्करण** – लिपि-विकास
- **षष्ठ संस्करण** – तान्त्रिक पाठ

प्रत्येक संस्करण में विद्वानों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर आवश्यक संशोधन एवं परिष्कार किया जाएगा। वर्णशिक्षाग्रन्थ में २४१ सूत्र हैं। इसमें दो अध्याय हैं–पहले अध्याय में ८ पाद हैं और दूसरे अध्याय में २ पाद हैं।

तीन भाषाओं में प्रस्तुति

यह ग्रन्थ संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी – तीनों भाषाओं में प्रस्तुत किया गया है। संस्कृत विद्वानों के लिए, हिन्दी सामान्य जिज्ञासुओं के लिए तथा अंग्रेजी अन्तरराष्ट्रीय पाठकों के लिए है। वर्ण-विज्ञान केवल भारत का विषय नहीं, बल्कि वैश्विक ज्ञान-क्षेत्र का विषय है।

ग्रन्थ की उपयोगिता एवं सीमा

यह ग्रन्थ विशेषतः विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं वेदाध्येताओं के लिए उपयोगी है। इसमें केवल शिक्षा-वेदाङ्ग के अन्तर्गत वर्ण के ध्वनि एवं लिपि-स्वरूप का ही विवेचन किया गया है। अन्य वेदाङ्गों का विस्तार इसमें सम्मिलित नहीं है। उपग्रन्थों के माध्यम से शेष विषयों का विस्तार प्रस्तुत किया जाएगा।

पाठक हेतु निर्देश

वर्णोच्चारण का अभ्यास सदैव योग्य आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए, क्योंकि सूक्ष्म त्रुटियाँ स्वयं सहज रूप से ज्ञात नहीं होतीं।

कालाधीनता एवं दर्शन

इस ग्रन्थ की उपयोगिता काल के अधीन है। यदि यह समाजोपयोगी सिद्ध होता है तो यह परम्परा का अंग बनेगा, अन्यथा उसका परिवर्तन स्वाभाविक होगा। यही सृष्टि-स्थिति-संहार का शाश्वत दर्शन है।

ज्ञान-यज्ञ में समर्पण

यह ग्रन्थ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक ज्ञान-यज्ञ है। जैसे यज्ञ में प्रत्येक आहुति का महत्व होता है, वैसे ही इस ग्रन्थ में प्रत्येक विद्वान का योगदान इसे पूर्णता प्रदान करता है।

जो कुछ श्रेष्ठ है वह पूर्वाचार्यों का है, और जो भी त्रुटि है वह मेरी है। विद्वज्जन कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें।

— निरञ्जन प्रधान

(शिक्षा-वेदाङ्ग-अध्येता, ब्रह्मपुर (ओडिशा))

Invocation (Maṅgalācaraṇa)

The ḍamaru of Naṭarāja is ever proclaimed as sound; the fire is said to be script; the gesture of fearlessness represents the meaning of letters.
The gaja-hasta is known as the promoter of study; the raised foot signifies the Vedic tradition, and the foot placed upon Apasmāra represents the Tantric aspect.
The halo (prabhāmaṇḍala) is declared to be the mark of the development of script.

(*Naṭarāja is a symbolic representation of phonetic science****.)***

Preface to the Śikṣā Vedāṅga Text

The Vedas are the most ancient and divine repository of knowledge in Indian culture. They are not merely religious texts, but the fundamental sources of the comprehensive science of life. The preservation of the Vedas has been carried out through the oral tradition (śruti-paramparā), that is, through listening and recitation from teacher to student. Therefore, correct pronunciation holds utmost importance in the Vedas. Even a slight error in pronunciation can alter the meaning of a mantra and diminish its intended effect.

To preserve this precision, the ancient seers composed the auxiliary disciplines of the Vedas—the Vedāṅgas—among which the Śikṣā Vedāṅga holds a prominent place. Śikṣā primarily deals with the science of proper pronunciation of phonemes, including their origin, place of articulation, effort, accent, duration, strength, harmony, and continuity.

The purpose of this text is to collect the scattered principles found in various Śikṣā texts and present them in a simple, systematic, and accessible manner, so that a student may obtain comprehensive knowledge in one place.

The Threefold Nature of Letters (Varṇa)

It is important to understand that a letter (varṇa) is not merely sound, but possesses a threefold nature:

- Sound (auditory)
- Script (visual form)
- Meaning (cognitive function)

Thus, a letter is a complete entity, forming the basis of hearing, seeing, and understanding.

Clarification on the Threefold Nature

A natural question arises: if ancient teachers of the Śikṣā Vedāṅga accepted letters primarily as sound, why are they presented here as sound, script, and meaning?

The answer is that this does not contradict earlier authorities, but rather extends and harmonizes their principles.

In truth, the primary subject of Śikṣā is sound, since the Vedas are preserved through oral tradition. Therefore, the emphasis on sound by ancient teachers is fully justified.

However, in practical usage, a letter does not remain limited to sound alone—it appears in written form and functions as a carrier of meaning. Therefore:

- Sound is the foundation
- Script is its visible form
- Meaning is its cognitive result

Thus, meaning is not separate from sound and script, but arises from them. This presentation is not a contradiction of tradition, but an educational expansion of it.

Lineage of Knowledge

This knowledge has flowed from the beginningless Śiva tradition through sages such as Apiśali, reaching Pāṇini and Patañjali. In later times, Dayananda Saraswati revived this knowledge, and Yudhishthira Mimamsaka systematized it.

I have studied this subject under the guidance of esteemed teachers, especially:

- Late Vijaypal Vidyavaridhi (Revali)
- Pradeep Shastri (Panini Vidyalaya, Revali)
- Udayanacharya (Nigama Nidam Gurukula, Gajwel)

To all of them, I express my gratitude.

Sources of the Text

This work draws upon various Prātiśākhya and Śikṣā texts, such as:

- Taittirīya Prātiśākhya and other Prātiśākhya texts
- Pāṇinīya Śikṣā and Ślokātmikā Śikṣā
- Śikṣā Sūtras (by Yudhishthira Mimamsaka)
- Compilations of Śikṣā texts

The knowledge of phonetics is scattered across these texts, and the aim of this work is to collect and harmonize them.

Naṭarāja as a Symbol of Phonetic Science

The image of Naṭarāja symbolically represents the entire science of phonetics. The ḍamaru signifies sound, fire represents script, the gesture of fearlessness represents meaning, the gaja-hasta represents study, the raised foot indicates the Vedic tradition, and the foot on Apasmāra represents the Tantric aspect. The halo symbolizes the evolution of script.

This interpretation is presented from a philosophical and symbolic perspective, not as a strict doctrinal rule.

Division of Main Text and Auxiliary Texts

This work is divided into two parts: the main text and auxiliary texts. Sound and script are treated as the primary disciplines, while meaning, study-method, Vedic recitation, script development, and Tantric application are presented as auxiliary texts.

The study section includes recitation methods, practice techniques, and pedagogical principles.

This division is based on three reasons:

- The vastness of the subject
- The need for systematic study in accordance with the Pāṇinian tradition
- The necessity of separate structures for general and advanced readers

Position of Script in the Main Text

Although the ancient tradition prioritized oral transmission, evidence of written forms is found in works such as Yāska's Nirukta and the Pāṇinian tradition. In modern times, script has become essential for the preservation of knowledge. Therefore, including script in the main text is not a deviation from tradition, but its natural extension.

Plan of Six Editions

This work will be published in six editions:

- First Edition — Varṇaśikṣā (Main Text)
- Second Edition — Study Methods
- Third Edition — Meaning
- Fourth Edition — Vedic Recitation
- Fifth Edition — Script Development
- Sixth Edition — Tantric Application

Each edition will be revised based on scholarly feedback.The *Varṇaśikṣā* text contains 241 sūtras. It is divided into two chapters—the first chapter has 8 pādas, and the second chapter has 2 pādas.

Presentation in Three Languages

This work is presented in Sanskrit, Hindi, and English—for scholars, general learners, and international readers respectively. The science of phonetics is not limited to India, but belongs to the global domain of knowledge.

Usefulness and Scope

This text is especially useful for students, researchers, and Vedic learners. It primarily discusses the phonetic and scriptural aspects of letters within the scope of Śikṣā Vedāṅga. Other aspects will be elaborated in auxiliary texts.

Instruction to Readers

The practice of pronunciation should always be undertaken under the guidance of a qualified teacher, as subtle errors are not easily detected independently.

Time and Philosophy

The relevance of this work depends on time. If it proves beneficial to society, it will become part of tradition; otherwise, change is natural. This reflects the eternal cycle of creation, preservation, and dissolution.

Dedication to the Knowledge-Sacrifice

This work is not personal, but a contribution to the sacrifice of knowledge. Just as every offering is significant in a ritual, so too every scholar’s contribution completes this work.

Whatever is excellent belongs to the predecessors; any errors are mine. I humbly request scholars to offer their guidance.

— Niranjan Pradhan
(Student of Śikṣā Vedāṅga, Brahmapur, Odisha)

वर्णशिक्षा

आरम्भिक सूत्र

सूत्र १ – अथ वर्ण-शिक्षा ।

हिंदी : अब वर्ण-शिक्षा (अक्षरों/ध्वनियों का अध्ययन) आरम्भ होता है।

सरल अर्थ: यहाँ से अक्षरों और उनके सही उच्चारण की शिक्षा शुरू होती है।

English : Now begins the study of letters (phonetics).

Simple meaning: This marks the beginning of learning about sounds and their correct pronunciation.

सूत्र २ – वर्णस्वरमात्राबलसामसन्तानाः शिक्षा।

हिन्दी: वर्ण, स्वर, मात्रा, बल, साम और सन्तान – यही शिक्षा है।

English : Varna, Svara, Matra, Bala, Sama and Santana — this is Shiksha.

सूत्र ३ – ध्वनिः शिक्षायाः मूलम्, लिपिस्तस्य विस्तारः।

हिन्दी: ध्वनि शिक्षा का मूल है – लिपि उसका विस्तार है।

English : Dhvani is the root of Shiksha — Lipi (script) is its extension.

सूत्र ४ – वर्णस्य त्रीणि रूपाणि – ध्वनिरूपम्, लिपिरूपम्, अर्थरूपं च। अर्थः तु ध्वनौ लिपौ च अन्तर्गतः। अतः व्यवहारे वर्णौ द्वौ एव – ध्वनिश्च लिपिश्च।।

हिंदी : वर्ण के तीन रूप होते हैं – ध्वनि-रूप, लिपि-रूप और अर्थ-रूप। लेकिन अर्थ तो ध्वनि और लिपि दोनों में ही समाहित रहता है। इसलिए व्यवहार में वर्ण के केवल दो ही रूप माने जाते हैं – ध्वनि और लिपि।

सरल अर्थ: अक्षर का एक रूप बोलने में (ध्वनि), एक लिखने में (लिपि), और एक उसके अर्थ से जुड़ा होता है। पर अर्थ अलग से नहीं, बल्कि ध्वनि और लिपि में ही होता है। इसलिए हम मुख्यतः दो ही रूप मानते हैं।

English : A letter (varṇa) has three forms — the sound form, the written (script) form, and the meaning form. However, meaning is inherently included within both sound and script. Therefore, in practical usage, there are only two forms of a letter — sound and script.

Simple meaning: A letter exists as something we pronounce (sound), something we write (script), and something that carries meaning. But since meaning is contained within sound and writing, we mainly consider only two forms: sound and script.

सूत्र ५ – वर्णविज्ञाने वर्णशिक्षा मूलशास्त्रम्, वर्णार्थवैदिकतान्त्रिकाध्ययनलिपिविकासाः पञ्चोपशास्त्राणि।

हिंदी : वर्ण-विज्ञान में वर्ण-शिक्षा ही मूल शास्त्र है, और वर्ण, अर्थ, वैदिक तथा तांत्रिक अध्ययन तथा लिपि-विकास आदि पाँच उपशास्त्र हैं।

English : In the science of phonetics (Varṇa-vijñāna), Varṇa-Śikṣā is the fundamental discipline, and the study of letters, meaning, Vedic and Tantric traditions, along with script development, constitute the five subsidiary sciences.

संक्षिप्त व्याख्या

इस सूत्र में सम्पूर्ण ग्रन्थ की रचना-व्यवस्था का संक्षेप में निरूपण किया गया है। **वर्णशिक्षा (**ध्वनि और लिपि) को मूलशास्त्र कहा गया है, क्योंकि वर्ण का मूल स्वरूप इन्हीं दोनों पर आधारित है।

अन्य विषय–

- वर्णार्थ (अर्थ)
- वैदिक (वेदपाठ)
- तान्त्रिक (तन्त्रप्रयोग)
- अध्ययन (अध्ययन-विधि)
- लिपिविकास (लिपि का विकास)

इन सबको उपशास्त्र कहा गया है, क्योंकि ये मुख्य विषय के विस्तार एवं प्रयोगात्मक पक्ष को स्पष्ट करते हैं।

सूत्र ६ – आत्मा बुद्ध्या मनो युङ्क्ते, कायाग्निः वायुं प्रचोदयेत्। मारुतः आकाशमासाद्य, नादरूपं प्रपद्यते।। नादः स्थानेषु विभज्यते, वर्णभावं च गच्छति। स एव शब्दरूपेण, ब्रह्मवाणी प्रकाशते।।

हिंदी : आत्मा, बुद्धि के द्वारा मन को जोड़ता है; फिर शरीर की अग्नि (ऊर्जा) वायु को प्रेरित करती है। वह वायु (प्राण) आकाश में पहुँचकर नाद (ध्वनि) का रूप धारण कर लेती है।

यह नाद विभिन्न उच्चारण-स्थानों में विभाजित होकर वर्ण (अक्षर) बन जाता है। वही आगे शब्द के रूप में प्रकट होकर ब्रह्म-वाणी के रूप में प्रकाशित होता है।

सरल अर्थ: आत्मा से शुरू होकर मन, प्राण, ध्वनि और अक्षरों के माध्यम से अंततः वाणी प्रकट होती है – यह पूरी प्रक्रिया बताई गई है।

English : The self (ātman), through the intellect, engages the mind; then the bodily fire (energy) sets the air in motion. That air (breath), reaching the space (ākāśa), transforms into sound (nāda).

This sound gets divided at different points of articulation and becomes letters (varṇas). That same, manifesting as words, shines forth as the divine speech (Brahma-vāṇī).

Simple meaning: Speech originates from the self, moves through mind and breath, becomes sound, then letters, and finally emerges as meaningful words.

सूत्र ७ – श्रोत्रोपलब्धो बुद्धिनिर्ग्राह्यः प्रयोगेणाभिव्यक्तः। आकाशदेशे विहरन् नित्यं स एव शब्दः परिकीर्त्यते।।

हिंदी: जो श्रोत्र (कान) द्वारा ग्रहण किया जाता है, बुद्धि से समझा जाता है, और प्रयोग (उच्चारण / उपयोग) से प्रकाशित होता है – वह आकाश में सदैव विचरता हुआ वही शब्द कहलाता है।

सरल अर्थ: जो ध्वनि हम सुनते हैं, समझते हैं और बोलते हैं–वही आकाश में फैलकर "शब्द" कहलाती है।

English : That which is perceived by the ear, grasped by the intellect, and manifested through usage (articulation), moving in the realm of space, is known as sound (śabda).

Simple meaning: Sound is what we hear, understand, and express—it exists and travels through space.

सूत्र ८ – तमक्षरं ब्रह्म परं पवित्रं गुहाशयं सम्यगुशन्ति विप्राः। स श्रेयसा चाभ्युदयेन चैव सम्यक् प्रयुक्तः पुरुषं युनक्ति।।

हिंदी – वह अक्षर (अविनाशी तत्व) ही परम ब्रह्म और अत्यन्त पवित्र है, जो हृदय-गुहा में स्थित है – ऐसा विद्वान (विप्र) लोग भली-भाँति कहते हैं। वह (अक्षर), जब ठीक प्रकार से प्रयोग किया जाता है, तो मनुष्य को श्रेय (मोक्ष) और अभ्युदय (उन्नति/संसारिक सफलता) — दोनों से जोड़ देता है।

सरल अर्थ: अक्षर (शब्द/ध्वनि) ही परम सत्य है, जो भीतर स्थित है। उसका सही उपयोग मनुष्य को आध्यात्मिक उन्नति और सांसारिक सफलता दोनों देता है।

English — That imperishable syllable (akṣara) is the supreme Brahman, most pure, residing in the inner cave (of the heart) — thus the wise declare. When properly applied, it connects a person with both spiritual good (śreyas) and worldly prosperity (abhyudaya).

Simple meaning: The eternal sound (akṣara) is the highest truth within us. When used correctly, it leads to both spiritual growth and material success.

अथ ध्वनि-शाखा-मिदम्

सूत्र ९ – अथ ध्वनि-शाखायाम् अष्टौ पाठाः – स्थान-प्रकरणम्, करण-प्रकरणम्, आभ्यन्तर-प्रयत्न-प्रकरणम्, बाह्य-प्रयत्न-प्रकरणम्, स्थान-पीडि-प्रकरणम्, वृत्तिकर-प्रकरणम्, क्रम-प्रकरणम्, नाभि-तल-प्रकरणम्।"

अथ ध्वनि-शाखायाम् अष्टौ पाठाः –

= अब ध्वनि-शाखा (ध्वनिविज्ञान) में आठ पाठ (अध्याय) हैं –

1. स्थान-प्रकरणम् – उच्चारण के स्थान का वर्णन
2. करण-प्रकरणम् – उच्चारण के साधनों (अंगों) का वर्णन

3. आभ्यन्तर-प्रयत्न-प्रकरणम् – आन्तरिक प्रयास (मुँह के भीतर होने वाले प्रयास) का वर्णन
4. बाह्य-प्रयत्न-प्रकरणम् – बाह्य प्रयास (बाहर से होने वाले प्रयास) का वर्णन
5. स्थान-पीडि-प्रकरणम् – उच्चारण-स्थान के दबाव (संयोग/स्पर्श) का वर्णन
6. वृत्तिकर-प्रकरणम् – उच्चारण की गति/वृत्ति का वर्णन
7. क्रम-प्रकरणम् – ध्वनियों के क्रम (अनुक्रम) का वर्णन
8. नाभि-तल-प्रकरणम् – नाभि से लेकर मुख तक की ध्वनि-उत्पत्ति का वर्णन

अथ ध्वनि-शाखायाम् अष्टौ पाठाः –

= Now, in the branch of phonetics (science of sound), there are eight sections (chapters):

1. **स्थान-प्रकरणम् –** Description of the places of articulation.
2. **करण-प्रकरणम् –** Description of the instruments/organs of articulation.
3. **आभ्यन्तर-प्रयत्न-प्रकरणम् –** Description of internal effort (articulatory actions within the mouth).
4. **बाह्य-प्रयत्न-प्रकरणम् –** Description of external effort (articulatory features produced externally).
5. **स्थान-पीडि-प्रकरणम् –** Description of the pressure/contact at the place of articulation.
6. **वृत्तिकर-प्रकरणम् –** Description of the manner or movement (flow) of articulation.
7. **क्रम-प्रकरणम् –** Description of the sequence/order of sounds.
8. **नाभि-तल-प्रकरणम् –** Description of sound production from the navel region up to the mouth.

सूत्र १० – स्थानकरणप्रयत्नपरेभ्यो वर्णाः त्रिषष्टिः।

हिंदी : स्थान, करण और प्रयत्न आदि के आधार पर वर्णों की संख्या **तिरसठ (63)** है।

English : Based on place (sthāna), organ (karaṇa), and manner of articulation (prayatna), the number of phonetic units (varṇas) is sixty-three (63).

सूत्र ११ – वर्णसंख्याविषये तु मतभेदो महान् स्थितः । अष्टषष्टिं वदन्त्येके अष्टपञ्चाशतं परे ॥
पञ्चाशन्मतमन्येषां संख्याविवाद एव हि । पाणिनिस्तु त्रिषष्टिं वै सनासिक्यं चतुःषष्टिकम् ॥

हिन्दी : वर्णों की संख्या के विषय में आचार्यों में बड़ा मतभेद है – कुछ 68, कुछ 58, कुछ 50 वर्ण मानते हैं। किन्तु पाणिनि का मत 63 है – नासिक्य सहित 64।

English: There is considerable (difference of opinion) among the teachers regarding the number of letters (varṇas) — some accept 68, some 58, and others 50. However, the view of Pāṇini is 63 — and including the nasal (nāsikya), it becomes 64.

अथ लिपि-शाखा-मिदम्

सूत्र १२ – अथ लिपिशाखायां द्वौ पाठौ – वर्णलिपिप्रकरणं प्रथमम्, अङ्कलिपिप्रकरणं द्वितीयम्॥

हिंदी : अब लिपि-शाखा में दो पाठ हैं – पहला वर्ण-लिपि-प्रकरण और दूसरा अंक-लिपि-प्रकरण।

English : Now, in the branch of script, there are two sections — the first is the section on letter-script, and the second is the section on numeral-script.

प्रथमोऽध्यायः

प्रथमः पादः (**स्थान-प्रकरणम्**)

सूत्र १ – तत्र स्थानं तावत्।

हिंदी: वहाँ पहले स्थान है।

English: Here is the first place (referring to articulation point of sounds).

सूत्र २ – अकुहिवसर्जनीयाः कण्ठ्याः।

हिंदी: अ-वर्ण, क-वर्ग (क ख ग घ ङ), ह, और विसर्ग – कण्ठ से उत्पन्न।

सरल अर्थ: ये स्वर और व्यंजन गले (कण्ठ) से उत्पन्न होते हैं।

English: The vowels and consonants 'a, k-class, h, visarga' are produced from the throat.

सूत्र ३ – हिवसर्जनीयावुरस्यावेकेषाम्।

हिंदी: ह और विसर्ग – कुछ के अनुसार उरस्य (छाती) से उत्पन्न।

English: 'h' and visarga are, according to some, produced from the chest.

सूत्र ४ – जिह्वामूलीयो जिह्वाघः।

हिंदी : जिह्वामूलीय – जिह्वामूल (जीभ की जड़) से।

सरल अर्थ: यह श्रेणी जीभ की जड़ से निकलती है।

English: 'Jihvamuliya' sounds originate from the root of the tongue.

सूत्र ५ – कवर्गिवर्णानुस्वारजिह्वामूलीया जिह्वा एकेषाम्।

हिंदी: क-वर्ग, अनुस्वार और जिह्वामूलीय – कुछ के मत में जीभ से।

English: According to some, 'k-class, anusvara, jihvamuliya' sounds are produced from the tongue.

सूत्र ६ – सर्वमुखस्थानमवर्णमित्येके।

हिंदी: अ-वर्ण – कुछ के अनुसार सम्पूर्ण मुख से।

English: The vowel 'a' is articulated from the whole mouth.

सूत्र ७ – कण्ठनासिकास्थामात्रानित्येके।

हिंदी: कण्ठ और नासिका दोनों से उत्पन्न।

English: Some sounds are produced from both throat and nose.

सूत्र ८ – इचुयशास्तालव्याः।

हिंदी: इ-वर्ण, च-वर्ग (च छ ज झ ञ), य और श – तालु (मुँह की छत) से।

English: These sounds are articulated from the palate.

सूत्र ९ – ऋटुरषा मूर्धन्याः।

हिंदी: ऋ-वर्ण, ट-वर्ग (ट ठ ड ढ ण), र और ष – मूर्धा (सर्वोच्च भाग मस्तिष्क के पास) से।

English: Articulated from the upper part of the mouth/skull region.

सूत्र १० – रेफो दन्तमूलीय एकेषाम्।

हिंदी: र – कुछ के अनुसार दन्तमूल से।

English: 'r' comes from the root of teeth according to some.

सूत्र ११ – दन्तमूलस्तु तवर्गः।

हिंदी: त-वर्ग (त थ द ध न) — दन्तमूल से।

English: Dental sounds are produced from the base of teeth.

सूत्र १२ – लृतुलसा दन्त्याः।

हिंदी: लृ-वर्ण, त-वर्ग (त थ द ध न), ल और स – दन्त से।

English: Certain consonants originate from teeth.

सूत्र १३ – वकारो दन्तोष्ठयः।

हिंदी: व – दन्त और ओष्ठ दोनों से।

English: 'v' is articulated from teeth and lips.

सूत्र १४ – सृक्किणीस्थानमेकेषाम्।

हिंदी: कुछ के अनुसार – सृक्किणी स्थान से।

English: Certain sounds come from the srikini (soft palate area).

सूत्र १५ – उपूपध्मानीया ओष्ठ्याः।

हिंदी: उ-वर्ण, प-वर्ग (प फ ब भ म), उपध्मानीय – ओष्ठ से।

English: Labial sounds are produced from lips.

सूत्र १६ – अनुस्वारयमा नासिक्याः।

हिंदी: अनुस्वार और यम – नाक से।

English: Nasal sounds are produced from the nose.

सूत्र १७ – कण्ठनासिकयमनुस्वारमेकेन।

हिंदी: कुछ के अनुसार – यम और अनुस्वार कण्ठ और नासिका दोनों से।

English: Some nasal and semi-vowels come from both throat and nose.

सूत्र १८ – यमाश्च नासिकयजिह्वामूलीया एकेषाम्।

हिंदी: यम और जिह्वामूलीय – नाक और जीभ की जड़ से।

English: Certain semi-vowels and jihvamuliya sounds are from nose and root of tongue.

सूत्र १९ – ए ऐ कण्ठोष्ठचौ।

हिंदी: ए और ऐ – कण्ठ और तालु दोनों से।

English: These vowels are articulated using throat and palate.

सूत्र २० – ओ औ कण्ठोष्ठयौ।

हिंदी: ओ और औ – कण्ठ और ओष्ठ दोनों से।

English: These vowels use throat and lips.

सूत्र २१ – ङञणनमाः स्वस्थाना नासिकास्थानाः।

हिंदी: ङ, ञ, ण, न, म – अपने स्वस्थान और नासिका दोनों से।

English: Nasal consonants are articulated from their own place **and nose.**

सूत्र २२ – द्विवर्णिनि सन्ध्यक्षराणि।

हिंदी: संध्याक्षर – दो स्थानों से उत्पन्न।

English: Semi-vowels are produced from two articulation points.

सूत्र २३ – सरेफ ऋवर्णः।

हिंदी: ऋ-वर्ण – र के साथ।

English: ‘ṛ’ sound is articulated with ‘r’.

सूत्र २४ – इति संयुक्ता वर्णाः।

हिंदी: ये संयुक्त वर्ण हैं।

English: These are compound or conjunct letters.

सूत्र २५ – एवमेतानि स्थानानि।

हिंदी: इस प्रकार – स्थान-प्रकरण पूर्ण।

English: Thus, the study of articulation points is complete.

।। इति प्रथमः पादः ।।

पादः २ – करणप्रकरणम्

सूत्र १ – करणमपि।

हिंदी: करण भी है।

English: There is also a “Karaṇa” (articulator / organ of speech).

सूत्र २ – जिह्वाचतालव्यमूर्धन्यदन्त्यानां जिह्वा करणम्।

हिंदी: तालव्य (तालु से उत्पन्न), मूर्धन्य (मूर्धा से उत्पन्न), दन्त्य (दन्त से उत्पन्न) वर्णों का करण – जिह्वा (जीभ) है।

सरल अर्थ: तालु, ऊपरी मुँह और दन्त्य वर्णों को जीभ द्वारा उत्पन्न किया जाता है।

English: The articulator of palatal, cerebral, and dental consonants is the tongue.

सूत्र ३ – जिह्वामूलेन जिह्वाघानाम्।

हिंदी: जिह्वाघ वर्णों का करण – जिह्वामूल।

सरल अर्थ: जिह्वाघ (जिह्वा के पीछे की आवाज़) वर्णों का कारक अंग जीभ की जड़ है।

English: The articulator of jihvagh sounds is the root of the tongue.

सूत्र ४ – जिह्वामध्येन तालव्यानाम्।

हिंदी: तालव्य वर्णों का करण – जिह्वामध्य (tongue middle)।

सरल अर्थ: तालु से उत्पन्न वर्णों को जीभ के मध्य भाग से बनाया जाता है।

English: The middle part of the tongue articulates the palatal consonants.

सूत्र ५ – जिह्वोपाग्रेण मूर्धन्यानाम्।

हिंदी: मूर्धन्य वर्णों का करण – जिह्वोपाग्र (tongue tip / front)।

सरल अर्थ: मूर्धन्य (retroflex) वर्णों को जीभ के अग्र भाग से उत्पन्न किया जाता है।

English: Retroflex consonants are articulated by the tip of the tongue.

सूत्र ६ – जिह्वाग्राधः करणं वा।

हिंदी: जिह्वाग्राध (जिह्वा के अग्र + अध भाग) भी करण है।

सरल अर्थ: जीभ का नीचे का अग्र भाग भी articulator है।

English: The lower part of the tongue tip is also considered an articulator.

सूत्र ७ – जिह्वाग्रेण दन्त्यानाम्।

हिंदी: दन्त्य वर्णों का करण – जिह्वाग्र।

सरल अर्थ: दन्त्य (दाँत से उत्पन्न) वर्ण जीभ के अग्र भाग से बनते हैं।

English: Dental consonants are articulated with the tongue tip.

सूत्र ८ – शेषाः स्वस्थानकरणाः।

हिंदी: शेष वर्णों का करण – अपना स्वस्थान।

सरल अर्थ: बाकी वर्ण अपने स्वतः अंग से उत्पन्न होते हैं।

English: The remaining consonants have their own natural articulators.

सूत्र ९ – इत्येतत् करणम्।

हिंदी: इस प्रकार करण-प्रकरण पूर्ण।

English: Thus, the study of articulators (Karaṇa) is complete.

।। इति द्वितीयः पादः ।।

पादः ३ – आभ्यन्तरप्रयत्नप्रकरणम्

सूत्र १ – प्रयत्नो द्विविधः।

हिंदी: प्रयत्न दो प्रकार का होता है।

English: Effort (Prayatna) is of two types.

सूत्र २ – आभ्यन्तरो बाह्यश्च।

हिंदी: एक आभ्यन्तर और एक बाह्य ।

English: One is internal (abhyantara) and the other is external (bahya).

सूत्र ३ – स्वस्थाने आभ्यन्तरस्तावत्।

हिंदी: पहले आभ्यन्तर प्रयत्न।

English: Internal effort is considered first.

सूत्र ४ – स्पृष्टकरणाः स्पर्शाः।

हिंदी: स्पृष्ट वर्ण – स्पर्श द्वारा उत्पन्न।

English: Contact consonants are produced by touch/pressure.

सूत्र ५ – ईषत्स्पृष्टकर्णा अन्तस्थाः।

हिंदी: ईषत्स्पृष्ट वर्ण – अंतस्थ ।

English: Slightly contacted sounds are medial in effort.

सूत्र ६ – ईषद्विवृतकरणाः ऊष्माणः।

हिंदी: ईषद्विवृत वर्ण – ऊष्मा (stronger internal effort)।

English: Slightly opened sounds require more internal energy.

सूत्र ७ – विवृतकरणा वा।

हिंदी: विवृत वर्ण भी हैं।

English: There are also open (vivrita) sounds.

सूत्र ८ – विवृतकरणाः स्वराः।

हिंदी: विवृत वर्ण मुख्यतः स्वर हैं।

English: Open sounds are primarily vowels.

सूत्र ९ – तेम्य ए ओ विवृततरौ।

हिंदी: इन स्वरों में ए और ओ सबसे अधिक खुलकर उच्चारित होते हैं।

English: Among these vowels, ‘e’ and ‘o’ are more open.

सूत्र १० – ताम्यामं औ।

हिंदी: इनके बाद औ और अधिक खुला है।

English: After them, ‘au’ is even more open.

सूत्र ११ – ताम्यामप्याकारः।

हिंदी: इसके बाद भी आकार सबसे अधिक खुला है।

English: After that, ‘ā’ is the most open of all.

सूत्र १२ – संवृतस्त्वकारः।

हिंदी: अकार (अ) संवृत (closed / restrained) है।

English: The vowel ‘a’ is closed (samvrta).

सूत्र १३ – इत्येषोऽन्तःप्रयत्नः।

हिंदी: इस प्रकार अन्तः प्रयत्न पूरा होता है।

English: English: Thus, the study of internal effort is complete.

।। इति तृतीयः पादः ।।

पादः ४ – बाह्यप्रयत्नप्रकरणम्

सूत्र १ – अथ बाह्यः।

हिंदी: अब बाह्य प्रयत्न।

English: Now, the external effort (Bahya Prayatna).

सूत्र २ – वर्गाणां प्रथमद्वितीयाः शषसविसर्जनीयजिह्वामूलीयोपध्मानीया यमो च प्रथमद्वितीयौ विवृतकण्ठाः श्वासानुप्रदाना अघोषाः।

हिंदी: वर्गों के प्रथम-द्वितीय वर्ण, श ष स, विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय और यम के प्रथम-द्वितीय वर्ण – ये सभी विवृतकण्ठ (open-throat), श्वासानुप्रदान (unaspirated), अघोष (voiceless) हैं।

English: The first and second sounds of the consonant groups, ṣ, ś, s, visarga, jihvamuliya, upadhmaniya, and the first and second of yama — are all open-throat, unaspirated, and voiceless.

सूत्र ३ – वर्गयमाना प्रथमा अल्पप्राणा इतरे सर्वे महाप्राणाः।

हिंदी: वर्ग और यम के प्रथम वर्ण – अल्पप्राण । शेष सभी वर्ण – महाप्राण ।

English: The first sounds of the consonant groups and yama are short-breathed (alpaprana); all others are long-breathed (mahaprana).

सूत्र ४ – वर्गाणां तृतीयचतुर्थि अन्तस्था हकारानुस्वारो यमो च तृतीयचतुर्थौ नासिक्याश्च संवृतकण्ठा नादानुप्रदाना घोषवन्तश्च।

हिंदी: वर्गों के तीसरे और चौथे वर्ण, अन्तस्थ, हकार, अनुस्वार, यम के तीसरे और चौथे, और नासिक्य वर्ण – ये संवृतकण्ठ (closed-throat), नादानुप्रदान (with sound), घोष (voiced) हैं।

English: The third and fourth consonants of each group, the retroflex, h, anusvara, the third and fourth of yama, and nasal sounds — are closed-throat, voiced, and articulated with sound.

सूत्र ५ – वर्गयमाना तृतीया अन्तस्थाश्चल्पप्राणा इतरे सर्वे महाप्राणाः।

हिंदी: वर्ग और यम के तीसरे वर्ण तथा अन्तस्थ – अल्पप्राण। शेष सभी – महाप्राण।

English: The third consonants of the groups and retroflex sounds are short-breathed, others are long-breathed.

सूत्र ६ – यथातृतीयास्तथा पञ्चमाः।

हिंदी: तीसरे वर्ण की तरह ही पंचम वर्ण।

English: The fifth consonants follow the same characteristics as the third.

सूत्र ७ – अनुनासिकयमेषामधिको गुणः।

हिंदी: अनुनासिक और यम वर्णों में अधिक नासिक्य गुण है।

English: Nasal and semi-vowel (yama) sounds have greater nasal quality.

सूत्र ८ – कादयो मावसाना स्पर्शाः।

हिंदी: क से म तक – ये स्पर्श (contact / stop) वर्ण हैं।

English: From ‘ka’ to ‘ma’ — these are stop consonants.

सूत्र ९ – यादयोऽन्तस्थाः।

हिंदी: य आदि – अन्तस्थ (medial) हैं।

English: ‘ya’ and similar sounds are medial.

सूत्र १० – शादय ऊष्माणः।

हिंदी: श आदि – ऊष्मा (stronger internal effort / tense) हैं।

English: ‘śa’ and similar sounds are tense (strongly articulated).

सूत्र ११ – सस्थानेन द्वितीयाः।

हिंदी: स्थाने (सस्थान) वर्ण से – द्वितीय वर्ण।

English: The second consonant is determined from the base position.

सूत्र १२ – हकारेण चतुर्थाः।

हिंदी: हकार से – चौथे वर्ण।

English: The fourth consonant is determined by the ‘ha’ sound.

सूत्र १३ – इत्येष बाह्यः प्रयत्नः।

हिंदी: इस प्रकार बाह्य प्रयत्न पूर्ण।

English: Thus, the study of external effort is complete.

।। इति चतुर्थः पादः ।।

पादः ५ — स्थानपीडनप्रकरणम्

सूत्र १ — तत्र स्पर्शव्यमवर्णकारो वायुरयःपिण्डवत् स्थानमभिपीडयति।

हिंदी: स्पर्श और यम वर्णकार वायु अपने स्थान पर लोहे के पिण्ड की तरह दबाव डालते हैं।

English: Contact consonants and yama sounds press their place of articulation like a metal weight.

सूत्र २ — अन्तस्यवर्णकारो वायुर्दिपिण्डवत्।

हिंदी: अन्तस्थ वर्णकार वायु अपने स्थान पर दीपक की लौ की तरह दबाव डालते हैं।

English: Medial consonants exert pressure on their articulation point like a lamp flame.

सूत्र ३ — ऊष्मस्वरवर्णकारो वायुरूर्णापिण्डवत्।

हिंदी: ऊष्मा स्वरवर्णकार वायु अपने स्थान पर ऊर्णा (तृप्त, ऊँचा) पिण्ड की तरह दबाव डालते हैं।

English: Tense vowels exert pressure like a heavy or high mass on their articulation point.

।। इति पञ्चमः पादः ।।

पादः ६ – वृत्तिकार-प्रकरणम्

सूत्र १ – एवं व्याख्याने वृत्तिकाराः पठन्ति – अष्टादशप्रभेदमवर्णकुलिमिति तत्कथमुक्तम्।।

हिंदी: व्याख्यान में वृत्तिकार पढ़ते हैं – "अकार-कुल के अठारह भेद"।

English: In commentaries, Vrittikāras recite that the ‘ā-kara’ group has eighteen varieties.

स्पष्टीकरण: अकार का १८ प्रकार होने का आधार आगे स्पष्ट किया गया है।

सूत्र २ – ह्रस्वदीर्घप्लुतत्वाच्च त्रैस्वर्योपनयेन च। ज्ञानुनासिक्यभेदाच्च संख्यातोऽष्टादशात्मकः।।

हिंदी:

- ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत – तीन मात्रा-भेद।
- उदात्त, अनुदात्त, स्वरित – तीन स्वर भेद।
- अनुनासिक / निरनुनासिक भेद।
- इस प्रकार अकार की संख्या १८ होती है।

English:

- Eighteen varieties of ‘ā’ arise from short, long, pluta durations; udātta, anudātta, svarita intonations; and nasal or non-nasal distinctions.

सूत्र ३ – एवमिवर्णादयः।

हिंदी: इसी प्रकार इकार आदि वर्ण भी अठारह-भेद वाले होते हैं।

English: Similarly, vowels like ‘i’ also have eighteen varieties.

सूत्र ४ – लुवर्णस्य दीर्घा न सन्ति।

हिंदी: ऌ-वर्ण के दीर्घ रूप नहीं होते।

English: The vowel ‘ḷ’ does not have a long form.

सूत्र ५ – तं द्वादशप्रभेदमाचक्षते।

हिंदी: इसलिए ऌ-वर्ण को बारह-भेद वाला कहा जाता है।

English: Therefore, ‘ḷ’ is said to have twelve varieties.

सूत्र ६ – यदृच्छाशब्देऽशक्तिजानुकरणे वा यदा दीर्घाः स्युस्तदाऽष्टादशप्रभेदं ब्रूते कल्पक इति।

हिंदी: यदि किसी शब्द में या अशक्तजन्य अनुकरण में दीर्घ रूप हों – तब ऌ-वर्ण को भी अठारह भेद वाला कहा जाता है।

English: If in irregular words or weak imitation there are long forms, then ‘ḷ’ is also counted as having eighteen varieties, according to Kalpaka.

सूत्र ७ – सन्ध्यक्षराणां ह्रस्वा न सन्ति।

हिंदी: सन्ध्यक्षर (ए, ऐ, ओ, औ) के ह्रस्व रूप नहीं होते।

English: The compound vowels do not have short forms**.**

सूत्र ८. तान्यपि द्वादशप्रभेदानि।

हिंदी: इसलिए ये भी बारह-भेद वाले हैं।

English: Hence, these too have twelve varieties.

सूत्र ९ – छन्दोगानां साल्यमुग्निराणायनीया अर्धमेकारमर्धमोकारं च पठन्ति।

हिंदी: छन्दोगी शाखाओं (सामवेद) में साल्यमुग्नि और राणायनी शाखा के लोग आधा एकार और आधा ओकार पढ़ते हैं।

English: In the Chhandogya schools (Sama Veda), Sālyamugnī and Rāṇāyanī branches recite half as ‘ā’ and half as ‘o’.

सूत्र १० – तेषामप्यष्टादशप्रभेदानि।

हिंदी: उन (आधा एकार-ओकार) के भी अठारह-भेद होते हैं।

English: These half ‘ā’ and half ‘o’ vowels also have eighteen varieties.

सूत्र ११ – अन्तस्था द्विप्रभेदा रेफवर्जिताः सानुनासिका निरनुनासिकाश्च।

हिंदी: अन्तःस्थ वर्ण (य, व, ल) — दो भेद वाले: सानुनासिक और निरनुनासिक।

English: Medial consonants (y, v, l) have two varieties: nasal and non-nasal.

सूत्र १२ – रेफोष्मणां सवर्णा न सन्ति।

हिंदी: र और ऊष्म वर्ण (श, ष, स, ह) के सवर्ण नहीं होते।

English: The ‘r’ and tense sounds (ś, ṣ, s, h) do not have similar (savarṇa) counterparts.

सूत्र १३ – वेदाः ध्वनिस्वरप्रधानाः, नानाविधसूक्ष्मध्वनिसमन्विताः॥

हिंदी: वेद ध्वनि और स्वर के प्रधान हैं तथा अनेक प्रकार की सूक्ष्म ध्वनियों से युक्त हैं।

English : The Vedas are primarily based on sound and intonation, and are composed of various subtle phonetic elements.

